दैनिक भास्कर

# सख्ती / लॉकडाउन में भरतपुर से आ रहा सरस का नकली घी, तीन कार्टून जब्त, तंबाकू उत्पाद भी बरामद



दैनिक भास्कर



Saras fake ghee coming from Bharatpur in lockdown, three cartoons seized, tobacco product also recovered

Apr 27, 2020, 05:00 AM IST

**अलवर.** लॉकडाउन के दौरान सप्लाई के संकट के बीच नकली घी माफिया सक्रिय हो गया है। थाना पुलिस ने रविवार को भरतपुर जिले से आ रही एक वैन से 3 कार्टन सरस ब्रांड का नकली घी बरामद किया है। थानाधिकारी सज्जन सिंह नेहरा ने बताया कि नगर की तरफ से नकली घी आने की सूचना पर सेमला रोड पर वाहन जांच शुरू की। इस दौरान एक मारुति वैन को रोक कर तलाशी ली तो 3 कार्टन सरस मार्का घी बरामद हुआ। डीएसपी दीपक कुमार व सरस डेयरी के अधिकारी मनोज शर्मा व राधेश्याम चौहान एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी आसमदिन को मौके पर बुला कर जांच कराई।

इसमें घी नकली होने का पता चला। पुष्टि के बाद वैन में सवार युवकों दिनेश पुत्र हरगोविंद वैश्य (28) निवासी गिरसे थाना डीग व सचिन पुत्र केदार वैश्य उम्र 23 साल निवासी खखावली थाना नगर को गिरफ्तार कर वैन जब्त कर ली। वाहन से नकली सरस घी के 1 किलो के 33 पैकेट एवं आधा किलो के 68 पैकेट जप्त किए गए हैं। मामले में सरस डेयरी के अधिकारियों ने डुप्लीकेसी कर आम जनता के साथ धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/alwar/news/saras-fake-ghee-coming-from-bharatpur-in-lockdown-three-cartoons-seized-tobacco-product-also-recovered-127247547.html